# मंत्री ने बुढ़वा मंगल की तैयारियों को लेकर ली बैठक

## दंदरौआ मेला की आवश्यक सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने निर्देश दिए



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 23 अगस्त।** नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने आगामी बुढ़वा मंगल की तैयारियों के संबंध में महामंडलेश्वर महंत रामदास महाराज की उपस्थिति में अधिकारियों-कर्मचारियों की बैठक दंदरौआ धाम परिसर में ली। इस दौरान कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव, एसडीएम मेहगांव नवनीत शर्मा, एसडीओपी महेंद्र गौतम, तहसीलदार राजकुमार नागोरिया, सीईओ जनपद मेहगांव सहित अन्य पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।

शुक्ला ने कहा कि बुढ़वा मंगल के दिन मंदिर में भव्य मेले का आयोजन होगा। उन्होंने बुढ़वा मंगल से पूर्व बिजली एवं पानी की व्यवस्था, श्रद्धालुओं के लिए मंदिर में आने एवं दर्शन करने उपरांत निकासी की उचित व्यवस्था करने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों एवं दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को हनुमान जी के दर्शन सुगमता से हो सकें, उन्हें किसी प्रकार की कोई समस्या न हो। सड़क के अगल-बगल की झाड़ियां कटवा दी जाएं ताकि श्रद्धालुओं को आने में सुगमता रहे।

कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने आगामी 2 सितंबर बुढ़वा मंगल को दंदरौआ मेला में तीनों गेट पर एंबुलेंस, अस्थाई चिकित्सा अस्पताल, महिला डॉक्टर, कंट्रोल रूम स्थापित करने निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए। उन्होंने बेरिकेटिंग, पेयजल शुद्ध पीने के पानी की व्यवस्था के लिए टैंकर व्यवस्था, रास्ते में जगह जगह पीने के पानी की व्यवस्था भी स्थानीय स्तर पर कराने निर्देश दिए। इसके साथ ही दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए एलईडी स्क्रीन लगाई जाएगी।

सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने, पीने के लिए ठंडा पानी और जगह-जगह अस्थाई टॉयलेट की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने कहा कि मंदिर के अंदर कोई दुकान नहीं लगाई जाए सुनिश्चित करें। उन्होंने नाकों पर टेंट और कुर्सी की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, फायर ब्रिगेड की व्यवस्था, साफ सफाई की व्यवस्था करने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवश्यक विद्युत व्यवस्था करना सुनिश्चित करें, 24 घंटे लाइट उपलब्ध रहे, मेला अवधि में लाइट नहीं जाए। राकेश शुक्ला एवं कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने मंदिर परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया।

# जैविक खेती से बदली जिंदगी, किसान ने हल्दी की खेती से रचा नया कीर्तिमान

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 23 अगस्त।** अपने दृढ़ संकल्प और प्रबल इच्छाशक्ति के बल पर हर राह आसान हो सकती है, बस जरूरत होती है एक सही दिशा की। यही दिशा भिंड जिले के ग्राम दबोहा के किसान राजीव शर्मा को उद्यानिकी विभाग से मिली, जिसने उनके जीवन की दिशा और दशा दोनों बदल दीं।

राजीव शर्मा जैविक खेती के क्षेत्र में एक नई पहचान बना चुके हैं। उन्होंने अपने खेत में जैविक काली और पीली हल्दी की खेती कर यह साबित किया कि नवाचार और मेहनत से सफलता संभव है। राजीव शर्मा ने एक एकड़ भूमि में लगभग 1 लाख रुपये की लागत से हल्दी की फसल लगाई। यह फसल 230 से 240 दिनों में तैयार होती है, जिससे करीब 100 क्विंटल कच्ची हल्दी का उत्पादन होता है। सुखाने पर यह मात्रा घटकर 20 क्विंटल पक्की हल्दी हो जाती है, जिसका बाजार मूल्य लगभग 4 लाख रुपये तक पहुंचता है। इतना ही नहीं, शर्मा अपने स्वयं के काउंटर से हल्दी बेचते हैं और साथ ही कच्ची हल्दी का अचार बनाकर भी बाजार में उपलब्ध कराते हैं। इस मेहनत और नवाचार ने उनकी आय में कई गुना वृद्धि की है और उन्हें कृषि क्षेत्र में नई पहचान दिलाई है।

कृषक राजीव शर्मा का कहना है कि किसान भाई जैविक खेती अपनाकर और हल्दी जैसी फसल लगाकर न केवल अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं, बल्कि बाजार में अपनी अलग पहचान भी बना सकते हैं।

उनकी यह सफलता अन्य किसानों के लिए प्रेरणादायक उदाहरण बन चुकी है और यह साबित करती है कि सही मार्गदर्शन और नवीन तकनीक के साथ खेती में अपार संभावनाएं हैं।



# भारतीय अंतरिक्ष दिवस पर कार्यशाला का हुआ आयोजन



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 23 अगस्त।** भारतीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस भिंड में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आरए शर्मा के मार्गदर्शन एवं प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. मोहित कुमार दुबे के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. मोहित कुमार दुबे ने विद्यार्थियों को भारत की अंतरिक्ष क्षेत्र में उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने आर्यभट्ट से लेकर गगनयान तक भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम की प्रगति पर चर्चा की और विद्यार्थियों के साथ विचार-विमर्श किया।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आरए शर्मा ने कहा कि प्राचीन भारतीय विद्वानों के खगोलीय योगदान के बावजूद आधुनिक अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का सफर भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम की स्थापना के साथ शुरू हुआ। उन्होंने बताया कि 1960 के दशक में पहला रॉकेट प्रक्षेपण और आर्यभट्ट उपग्रह का नाम प्राचीन गणितज्ञ के नाम पर रखा जाना भारतीय अंतरिक्ष मिशन की बड़ी उपलब्धि रही है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं 'आर्यभट्ट से गगनयान' तक की यात्रा को समझने और प्राचीन ज्ञान को आधुनिक तकनीक से जोड़ने में सहायक होती हैं। कार्यक्रम में मानसी भदौरिया, सची भदौरिया, आंचल राजावत और तनुश्री दुबे ने पोस्टर मेकिंग एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता में भाग लिया और प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किए।

इस अवसर पर डॉ. आशीष गुप्ता, डॉ. रवि जैन, प्रो. अभिषेक कुमार जैन सहित समस्त महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

# आईटीआई परिसर में एनसीसी कैडेट्स को दिया सड़क सुरक्षा का ज्ञान

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 23 अगस्त।** शनिवार को ट्रैफिक पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। एसपी डॉ. असित यादव के निर्देशन में ट्रैफिक थाना प्रभारी राघवेंद्र भार्गव एवं उनकी टीम ने आईटीआई परिसर में सीनियर एवं जूनियर विंग के एनसीसी कैडेट्स को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी।

ट्रैफिक थाना प्रभारी राघवेंद्र भार्गव ने कैडेट्सों को संबोधित करते हुए हेलमेट और सीट बेल्ट की उपयोगिता के बारे में विस्तार से समझाया गया। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में अधिकांश जानें लापरवाही के कारण जाती हैं, जिन्हें नियमों का पालन कर रोका जा सकता है। कार्यक्रम में कैडेट्स को कैशलेस ट्रीटमेंट योजना, राहवीर योजना तथा हिट एंड रन योजना जैसी महत्वपूर्ण सरकारी योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई, जिससे दुर्घटना की स्थिति में पीड़ितों को त्वरित और निशुल्क उपचार मिल सके। कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने पंपलेट्स वितरित कर कैडेट्स को नियमों का पालन करने और दूसरों को जागरूक करने का संकल्प दिलाया। ट्रैफिक प्रभारी ने कहा कि एनसीसी कैडेट्स समाज में जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं, इसलिए वे सड़क सुरक्षा अभियान को सफल बनाने के लिए आगे आएं। इस अवसर पर थाना यातायात से आरक्षक मोहित तोमर एवं गिर्राज शर्मा भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में एनसीसी कैडेट्स ने पुलिस को विश्वास दिलाया कि वे समाज में ट्रैफिक नियमों के पालन के लिए लोगों को जागरूक करेंगे।



## 72 घंटे में नाबालिक गुमशुदा को बरामद कर परिजनों को सौंपा

भिंड। एसपी डॉ. असित यादव के निर्देशन एएसपी संजीव पाठक और एसडीओपी महेंद्र गौतम के मार्गदर्शन में गोरमी थाना पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत सराहनीय सफलता प्राप्त की है। टीम ने 72 घंटे के भीतर गुमशुदा नाबालिक लड़की को सुरक्षित दस्तयाब कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया। 18 अगस्त की रात का है, जब फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी बेटी को अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया है। इस पर थाना गोरमी में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी डॉ. यादव ने तत्काल गुमशुदा की तलाश के निर्देश दिए। जिस पर गोरमी थाना प्रभारी ध्यानेन्द्र सिंह यादव ने तत्परता दिखाते हुए एक विशेष टीम गठित की। टीम ने गोरमी कस्बा, सोनी रेलवे स्टेशन, मेहगांव और ग्वालियर में लगातार तलाश की।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने राज्यपाल से की मुलाकात

## सामाजिक-राष्ट्र निर्माण से जुड़े मुद्दों पर की चर्चा



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 23 अगस्त।** भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेत्री एवं जिला पंचायत अध्यक्ष कामना सुनील भदौरिया ने अपने निर्धारित प्रवास कार्यक्रम के तहत मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में कई महत्वपूर्ण हस्तियों से भेंट की। जिला पंचायत अध्यक्ष भदौरिया ने सर्वप्रथम राजभवन पहुंचकर मध्यप्रदेश के महामहिम राज्यपाल मंगुभाई पटेल से आत्मीय भेंट की। उन्होंने पुष्पगुच्छ भेंट कर राज्यपाल का स्वागत किया और सामाजिक व राष्ट्र निर्माण से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान भदौरिया ने राज्यपाल को भिंड आगमन का निमंत्रण भी दिया। उन्होंने इस चर्चा को प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि राज्यपाल का स्नेह और आशीर्वाद समाजहित एवं लोककल्याण के कार्यों के लिए ऊर्जा और प्रेरणा देता है। इसके बाद भदौरिया ने भाजपा प्रदेश कार्यालय, भोपाल में संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान महिला सशक्तिकरण एवं संगठनात्मक गतिविधियों पर सार्थक संवाद हुआ। जिपं अध्यक्ष भदौरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से आज महिलाओं को राजनीति एवं संगठन में 33त्न आरक्षण के साथ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मिल रही हैं। महिलाएं पंचायत से लेकर संसद तक नेतृत्व कर रही हैं और केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचा रही हैं। अपने प्रवास के दौरान भदौरिया ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री प्रहलाद पटेल से भी उनके निवास पर भेंट की। उन्होंने मंत्री पटेल को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया और ग्राम पंचायतों के विकास, योजनाओं के क्रियान्वयन और सरपंचों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। भदौरिया की इस सक्रियता ने जिले के विकास और महिला सशक्तिकरण के प्रति उनकी गंभीर प्रतिबद्धता को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया है।

# 625 दुकानों में से सिर्फ 45 ने भरा किराया, 11 लाख की हुई वसूली




**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 23 अगस्त।** भिंड नगर पालिका परिषद की 23 मार्केटों में कुल 625 दुकानदारों पर करीब 54 लाख रुपए किराया और सरचार्ज बकाया था। इस बकाया की वसूली के लिए जुलाई माह में नगर पालिका प्रशासन ने सभी दुकानदारों को प्रथम नोटिस जारी किया था, जिसमें निर्धारित समय सीमा में भुगतान करने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन निर्धारित समय 19 अगस्त तक केवल 45 दुकानदारों ने ही किराया जमा किया, जिससे मात्र 10 लाख 98 हजार 106 रुपए ही राजस्व के रूप में प्राप्त हुआ। यह कुल बकाया का केवल 20 प्रतिशत है।

**एक और मौका, फिर होगी सीलिंग कार्रवाई:** राजस्व निरीक्षक दिव्या यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि बकाया जमा करने के लिए अब संबंधित दुकानदारों को अंतिम अवसर दिया जा रहा है। यदि 15 सितंबर तक किराया जमा नहीं किया गया तो बकायेदारों की दुकानों को सील कर दिया जाएगा।

नगर पालिका ने दुकानदारों से अपील की है कि वे समय सीमा के भीतर अपने बकाया का भुगतान कर दें, अन्यथा नियमों के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## जन शक्ति विकास परिषद का पौधारोपण अभियान

**भिंड।** सामाजिक संगठन जन शक्ति विकास परिषद द्वारा चलाए जा रहे पौधारोपण अभियान के अंतर्गत नगर एवं आसपास के गांवों में पौधारोपण किया जा रहा है। इसी क्रम में परिषद ने मेहगांव नगर स्थित मौ रोड पर प्रसिद्ध 'अप्पा का कुआं' परिसर में छायादार पौधे लगाए। परिषद अध्यक्ष एड. शिवम चौधरी ने बताया कि यह स्थान ऐतिहासिक महत्व का है। स्व. अप्पा सत्यनारायण चौधरी जमींदार साहब ने जनकल्याण के उद्देश्य से यह कुआं बनवाया था। तभी से इस स्थान का नाम 'अप्पा का कुआं' पड़ा। यहां से गुजरने वाले राहगीर पानी पीने और विश्राम करने के लिए रुकते हैं। ऐसे में जब ये पौधे वृक्ष का रूप लेंगे, तो यह स्थान हरियाली से आच्छादित होगा, वातावरण शुद्ध होगा और यात्रियों को विश्राम के लिए सुखद वातावरण मिलेगा।

## मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 13 नवम्बर को

**सीहोर.** नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची का वार्षिक पुनरीक्षण 1 जनवरी की संदर्भ तारीख के आधार पर किया जाएगा. सूची का अंतिम प्रकाशन 13 नवम्बर को होगा. रजिस्ट्रीकरण, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और मास्टर ट्रेनर्स की नियुक्ति तथा जिला स्तरीय प्रशिक्षण 25 अगस्त तक किया जाएगा. मतदाता सूची का नपा वार्ड आदि स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 8 अक्टूबर को किया जाएगा. मतदाता सूची के संबंध में 8 से 17 अक्टूबर तक दावे-आपत्ति लिए जाएंगे. निराकरण 27 अक्टूबर तक किया जाएगा. फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का सार्वजनिक प्रकाशन 13 नवम्बर को किया जाएगा.

# भारत का मान-सम्मान विश्व भर में चंद्रयान मिशन ने बढ़ाया है: शुक्ला




**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 23 अगस्त।** भारत विकास परिषद शाखा जागृति के तत्वावधान में चंद्रयान मिशन-3 की सफलता एवं अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर शनिवार को कुम्हरौआ रोड स्थित वेदांता इंटरनेशनल स्कूल में गुरु वंदन एवं छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर समन्वयक धीरज शुक्ला ने कहा कि भारत का मान-सम्मान विश्वभर में चंद्रयान मिशन ने बढ़ाया है। अंतरिक्ष दिवस केवल स्मरण दिवस नहीं, बल्कि यह हमारी वैज्ञानिक उपलब्धियों और भविष्य की प्रेरणा का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि यह दिन हमें अंतरिक्ष की अनंत संभावनाओं का एहसास कराता है और भविष्य की पीढ़ी को प्रेरित करता है कि वे विज्ञान और अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे है। कार्यक्रम में गुरु एवं शिष्य के महत्व को और अधिक बताते हुए शाखा के वरिष्ठ सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष पवन जैन ने कहा की समर्थ गुरु यदि चाहे तो अपने साधारण शिष्य को जो की चिड़िया की भांति है उसे भी बलशाली बाज की तरह बना सकता है। हमारी सनातन सभ्यता में गुरुओं का विशेष स्थान है और समर्थ गुरुओं की एक लंबी परंपरा है जिन्होंने भारत देश को वैभवशाली बनाया है इस अवसर पर वेदांता इंटरनेशनल स्कूल के 9 मेधावी एवं अनुशासित छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रमाण पत्र पहनकर शाखा के सदस्यों ने सम्मानित किया वहीं वहीं दूसरी ओर ऐसे मेधावी छात्रों को तैयार करने वाले गुरुजनों को तिलक वंदन एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शाखा के अध्यक्ष गगन शर्मा, कैलाश नगरिया, कमलेश जुनेजा, राहुल यादव, ऊषा नगरिया, राजकुमार शर्मा, संस्था के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# खुले में फैंका कचरा तो भरना होगा जुर्माना

- नप ने बोर्ड लगाकर दी नागरिकों को सूचना
- कचरा गाड़ी में कचरा डालने नप ने की अपील

**नवभारत न्यूज**
**बुधनी/शाहगंज. 23 अगस्त.** शहर की सड़कों, चौराहों सार्वजनिक स्थलों पर अगर किसी ने कचरा डाल कर गंदगी फैलाई तो नपा परिषद ऐसे व्यक्ति से जुर्माना वसूल करेगी.

नप ने शहर को सुंदर स्वच्छ बनाने के लिए रहवासी मकानों, प्रतिष्ठानों, होटलों, फल-सब्जी के व्यापारियों से कचरे को निर्धारित कचरा पात्र में डालने का आग्रह किया है. ऐसा नहीं करने पर जुर्माना देना पड़ेगा. जुर्माने के लिए शाहगंज नप ने बोर्ड लगाकर सूचना दी है. अब उन लोगों पर नजर रहेगी जो सड़क या खाली प्लॉट में कचरा फेंक देते हैं.

नप द्वारा अब सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ स त नियम लागू किए गए हैं और उल्लंघन करने वालों पर 1 हजार रुपए या उससे अधिक तक का जुर्माना लगाया जा सकता है. नियमों का पालन न करने पर जुर्माना लगेगा. नगर परिषद ने आदेश जारी किया है कि शहरवासी सिर्फ कचरा गाड़ी में ही कचरा डालें. यह कचरा संग्रहण गाड़ी सभी वार्डों में नियमित रूप से सुबह व शाम के वक्त कचरा संग्रहण के लिए आती है. नगर परिषद की ओर से लोगों से अपील की गई है कि वे कचरा संग्रहण गाड़ी के तय समय का पालन करें और कचरा वहीं डालें. इस संबंध में सीएमओ रामानुज मिश्राने बताया कि यह नियम शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए लागू किया गया है. सड़क पर कचरा फेंकने से स्वच्छता भी बाधित होती है.

# पं. प्रदीप मिश्रा के खिलाफ याचिका दायर

- इंदौर के वकील प्रकाश यादव ने लगाई है कोर्ट में याचिका
- आयोजनों में अव्यवस्थाओं को लेकर लगाई है याचिका

**नवभारत न्यूज**
**सीहोर.** कुबरेश्वर धाम में होने वाले कार्यक्रमों में हमेशा बड़ी घटनाएं हो जाती हैं. हाल ही में निकली कावड़ यात्रा में सात लोगों की मौत हो गई थी. पुलिस ने समिति पर कोई कार्रवाई नहीं की है. इंदौर के वकील प्रकाश यादव ने पहले मंडी थाना पुलिस में शिकायत पत्र दिया था लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई जो अब जिला न्यायालय में याचिका लगाई है. जिसके बाद न्यायालय ने मंडी थाना पुलिस को जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा है. अगली सुनवाई 13 सितंबर को है.

जिला मुख्यालय के लगभग 11 किलोमीटर दूर स्थित कुबेरेश्वर धाम में कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा समय-समय पर बड़े धार्मिक कार्यक्रम कुबरेश्वर धाम में आयोजित किए जाते हैं.

इस दौरान होने वाली घटनाओं को लेकर अब आवाज उठने लगी है. बताया गया है की कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कभी भगदड़, धक्का मुक्की तो अज्ञात कारणों से लोगों की मौत हो जाती है. हाईवे पर कई बार लंबा जाम लगता है. ऐसे अनेक कारणों को लेकर एडवोकेट प्रकाश यादव ने कोर्ट में याचिका दाखिल की है. मामले में कोर्ट ने मंडी थाना पुलिस को जांच प्रतिवेदन देने को कहा है अगली सुनवाई 13 सितंबर को है. उल्लेखनीय है कि इस माह धाम में बड़ा धार्मिक आयोजन हुआ था और सीवन नदी से कुबेरेश्वर धाम तक कावड़ यात्रा निकाली गई थी, इस दौरान तीन दिन में सात लोगों की अलग अलग कारणों से मौत हो गई थी।

# अनियमितता पाए जाने पर मेडिकल सील

**नवभारत न्यूज**
**सीहोर 23 अगस्त.** मेडिकल स्टोर से विक्रय होने वाले वाली दवाओं एवं मेडिकल दुकानों पर अनियमितताओं की रोकथाम के उद्देश्य से निरीक्षण दल द्वारा गत दिवस जिले के ग्राम बकतरा क्षेत्र स्थित मेडिकल दुकानों का निरीक्षण किया गया.

निरीक्षण दल द्वारा आराध्य मेडिकल, उपकार मेडिकल, नैतिक मेडिकल, शिवांगी मेडिकल, सुहानी मेडिकल एवं न्यू सौम्या मेडिकल दुकानों का निरीक्षण किया गया.

निरीक्षण के दौरान जांच दल द्वारा मेडिकल दुकानों में साफ-सफाई, दवाओं के क्रय-विक्रय रिकॉर्ड, एक्सपायर्ड दवाओं का रख-रखाव तथा प्रतिबंधित दवाओं के विक्रय आदि की जांच की गई. जांच के दौरान नैतिक मेडिकल स्टोर द्वारा क्रय विक्रय की जानकारी सहित वैद्य दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए. जानकारी नहीं देने पर इस मेडिकल दुकान को सील कर दिया गया है. टीम द्वारा कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी.

## न्यायालय में लगाया स्वास्थ्य शिविर

**आष्टा.** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में न्यायाधीश व अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति विजय डांगी द्वारा न्यायालय में विधिक साक्षरता शिविर के अंतर्गत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का किया गया.

## महासभा की सामान्य ज्ञान स्पर्धा आज

**सीहोर.** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा राजपूत क्षत्रिय समाज के बालक, बालिकाओं, युवाओं के सामान्य ज्ञान विकसित करने रविवार को स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में सामान्य ज्ञान कि लिखित प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा. प्रतियोगिता के पश्चात विषय विशेषज्ञ द्वारा प्रेरक उद्बोधन भी दिया जाएगा. तत्पश्चात प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा.

# गणेशोत्सव को लेकर दिए समितियों को निर्देश

नवभारत न्यूज
रेहटी 23 अगस्त. शनिवार को थाने में आगामी गणेशोत्सव को लेकर समिति सदस्यों की एक बैठक आयोजित की गई. जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई.

बैठक में निर्णय लिया गया कि गणेशोत्सव के दौरान निकाली जाने वाली झांकियों में वालंटियर नियुक्त किए जाएंगे. जो व्यवस्था बनाए रखने में सहायता करेंगे. साथ ही, जुलूस का मार्ग पूर्व से निर्धारित कर पुलिस प्रशासन को अवगत कराया जाएगा. विद्युत व्यवस्था को लेकर भी चर्चा की गई, जिसमें समिति के सदस्यों को अस्थायी कनेक्शन लेने के लिए विधिवत प्रक्रिया अपनाने की समझाइश दी गई. अधिकारियों ने आयोजन समितियों से कहा कि गणेशोत्सव के दौरान किसी प्रकार की टीका टिप्पणी से बचा जाए. बैठक में एसडीओपी रवि शर्मा, तहसीलदार युगविजय सिंह, थाना प्रभारी राजेश कहारे उपस्थित थे।

पुलिस प्रशासन द्वारा गणेशोत्सव के शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित आयोजन के लिए सभी से सहयोग की अपील की गई.